(e) whether the factory is also fed from the same electric pumping generator;

(f) whether it is a fact that often on night shifts there is no drinking water at all in the factory; and

(g) whether Government propose to reset the pumping set in order to get adequate supply of water?

The Minister of State in the Ministry of Defence (Shri Raghuramaiah): (a) No.

(b) No.

(c) No.

(d) The yield of the tube well fluctuated and has been inadequate for some time.

(e) Yes.

(f) This is not the case.

(g) It is expected that cleaning the Tubewell will increase the yield of water. This is being taken up. In the meantime, 10 Tubewells (with hand-pumps) have been sunk and water is also supplied by Factory lorries.

आय-कर के मामलों का निबटाना

६८१. श्री बैरवा : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोटा आय-कर अधिकारी ने सन् १९६१ में कितने आय-कर मामलों के फैसले किये ;

(ख) उन फैसलों में से कितने की अपील की गई ; और

(ग) इन की गई अपीलों में कितने व्यापारी कामयाब हुए ?

वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) से (ग). मांगी गई सूचना इकट्ठी की जा रही है और जितनी जल्दी हो सकेगा उसे सभा की मेज पर रख दिया जायेगा ।

राजस्थान में खनिज पदार्थ

६८२. श्री बैरवा : क्या **खान और ईंधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान मे उन स्थानों के नाम क्या हैं, जहां इस समय विभिन्न खनिज पदार्थों की खानें हैं ;

(ख) इन खनिज पदार्थों से प्रति वर्ष कुल कितनी आय होती है ;

(ग) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश में कच्चे लोहे की एक खान अपने अधिकार में ले रखी है और वहां चौकीदार आदि रखने पर वह वर्षों से खर्च कर रही है किन्तु इनसे कच्चा लोहा नहीं निकाला जा रहा है ; और

(घ) यदि हां, तो वहां से कच्चा लोहा न निकालने के क्या कारण हैं ?

खान और ईंधन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और ज्योंही प्राप्त होगी वह सभा पटल पर रखी जायेगी ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदान

६८३. श्री कृष्ण देव त्रिपाठी : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सम्बद्ध कालेजों को किस कार्य के लिये कितना अनुदान देता है ;

(ख) इन अनुदानों को किन शर्तों पर कालेज प्राप्त कर सकते हैं ;

(ग) क्या इन अनुदानों के आवेदन-पत्र कालेज सम्बद्ध विश्वविद्यालय के उप-कुलपति द्वारा ही भेज सकते हैं तथा उप-कुलपति की सिफारिश पर ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कालेजों को अनुदान देता है ;

(घ) क्या यह सच है कि उप-कुलपति सम्बद्ध कालेजों के आवेदन-पत्र किसी कारण